आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 09 मार्च 2026, समय 1305 (5 मिनट)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल नई दिल्ली में लगभग 33 हजार 500 करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं का उद्‌घाटन और शिलान्यास किया, जिसमें नया मेट्रो खंड भी शामिल है।इससे हरियाणा के गुरुग्राम और फरीदाबाद के लोगों के लिए दिल्ली आना जाना आसान हो जाएगा।

श्री मोदी ने कहा -

1- पी एम - 33 सेकंड

जो मेट्रो का नया सेक्शन शुरू हुआ है उसे राजधानी के लाखों लोगों को बहुत बड़ी सुविधा मिलने वाली है, खास तौर पर पूर्वी और उत्तर पूर्वी दिल्ली के लोगों के लिए अब रोज का सफर पहले से कहीं ज्यादा आसान होगा। इन सब के साथ ही गाजियाबाद, नोए□ा, फरीदाबाद और गुरुग्राम जैसे एनसीआर के शहरों से दिल्ली के अलग-अलग हिस्सों में आना-जाना और भी आसान हो जाएगा।

दिल्ली में कल शुरू हुए नये मेट्रो खंड पर आवास और शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि मेट्रो रेल दिल्ली की जीवनरेखा बन गई है। उन्होंने मेट्रो और नमो भारत आरआरटीएस नेटवर्क के विस्तार पर खुशी व्यक्त की है।

2-मनोहर लाल - 18 सेकंड

देशभर में 1100 किलोमीटर से ज्यादा बड़ा नेटवर्क मेट्रो और आरआरटीएस का बन गया है और हमारे लिए खुशी की बात है कि दुनिया में कंपीट कर रहे हैं यूएसए, अमेरिका और चाईना के बाद तीसरे स्थान पर हम मेट्रो के सिलसिले में पहुंचे हैं यह बहुत बड़ी उपलब्धि हमारी है प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कल सिरसा में घोषणा की कि हरियाणा में महिलाओं को रोजगार देने वाले उद्योगों को राज्य सरकार की तरफ से अतिरिक्त सब्सिडी दी जाएगी।अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस" पर आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री ने 'महिला उद्यमिता मंच' के हरियाणा चैप्टर की शुरुआत भी की । उन्होंने दीन दयाल लाडो लक्ष्मी' योजना की पांचवीं किस्त के 200 करोड़ 77 लाख रुपये , सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के कुल 1 हजार 338 करोड़ 61 लाख रुपये तथा 'हर घर-हर गृहिणी' योजना के 20 करोड़ 21 लाख रुपये पात्र महिलाओं के बैंक खातों में हस्तांतरित किए। उन्होंने स्टार्टअप्स को भी 3 करोड़ रुपए की सीड-मनी के चेक वितरित किए।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जींद जिले के सफीदों में रंग-गुलाल बनाने वाली फैक्ट्री में हुए हादसे में जान गंवाने वाले प्रत्येक व्यक्ति के परिजनों को 5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। इसके अलावा, हादसे में घायल हुए प्रत्येक व्यक्ति को 2 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी। इस हादसे में चार महिलाओं की मृत्यु हो गई, जबकि एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए थे। मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं भी व्यक्त की हैं।

हिसार में कल शाम तीन दिवसीय पी एम विश्वकर्मा प्रदर्शनी एवं व्यापार मेला सम्पन्न हो गया। सूक्ष्म, मध्यम एवं लघु उद्योग विभाग की सहायक निदेशक रचना त्रिपाठी ने बताया –

उन्होंने कहा कि इस तरह की प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य कारीगरों को आधुनिक तकनीक से जोड़ना है। आकाशवाणी समाचार ने प्रदर्शनी में अपने उत्पाद बेचने वाले उद्यमियों से भी बातचीत की।